देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 147 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
उठ रहे थे सवाल



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 25.0°

79924.77

2 मोहम्मद यूनुस ने रख दी नई शर्त
7 कोहली की कप्तानी से आई क्रांति

# पहाड़ से मैदान तक झमाझम बारिश

## नेशनल हाईवे पर गिर रहे बड़े–बड़े पत्थर, 61 सड़कें बंद

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में भारी बारिश का कहर लगातार जारी है। यहां के कुमाऊं मंडल में भारी बरसात के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। चीन सीमा को जोड़ने वाला तवाघाट–धारचूला बार्डर मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। टनकपुर–पिथौरागढ़ नेशनल हाईवे पर बड़े–बड़े पत्थर गिर रहे हैं। कुमाऊं मंडल में मलबा आने से कुल 61 सड़कें बंद हो गई हैं।

उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में में गुरूवार सुबह से तेज बरसात हो रही है। जगह–जगह भूस्खलन और भू–धंसाव से 61 सड़कें बंद हो गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से चीन सीमा को जोड़ने वाला तवाघाट–धारचूला सीमा मार्ग और टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। तवाघाट–धारचूला मार्ग तवाघाट के पास भू धंसाव होने से बंद पड़ा हुआ है जबकि टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संतोला के पास मलबा आने से बंद है। यहां रूक रूक कर पत्थर गिर रहे हैं। प्रशासन मुस्तैद है और अधिकारी जेसीबी से मार्ग खोलने में जुटे हुए हैं।

पिथौरागढ़ जिले में भी बीती रात से तेज बरसात हो रही है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार जिले में 18 सड़कें ठप पड़ी हैं। इनमें एक बॉर्डर मार्ग के अलावा थल–सतलिंग राज्यमार्ग और 16 ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। भूस्खलन के चलते चंपावत जिले में कुल 14 सड़कें बंद हैं। इनमें टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ककरालीगेट–ठुलीगाड़ राज्यमार्ग के अलावा 12 ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें हैं। इसी प्रकार नैनीताल जिले में भी बीती रात से तेज बरसात हो रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जिले में कुल 21 सड़कें भूस्खलन के चलते बाधित हैं। इनमें दो राज्यमार्ग और दो जिला मार्ग भी शामिल हैं।

बागेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में अपेक्षाकृत कम नुकसान की सूचना है। दोनों जिलों में यहां आठ सड़कें बंद हैं। हालांकि बागेश्वर में जिला प्रशासन चौकन्ना है और जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में हाई अलर्ट जारी किया है। प्रशासन को अलर्ट पर रहने के निर्देश हैं। खासकर आईआरएस से जुड़े अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये गये हैं।



### आठ जिलों में कल स्कूल रहेंगे बंद

मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 13 सितंबर को देहरादून, टिहरी, चमोली, हरिद्वार, उत्तरकाशी, बागेश्वर, नैनीताल, पिथौरागढ़ में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दोनों जिलों में कक्षा 01 से 12 तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थान, आंगनबाडी केंद्रों में कल एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। अल्मोड़ा में रानीखेत–खैरना–मोहान राज्यमार्ग के साथ ही एक ग्रामीण सड़क बंद पड़ी है। इसी प्रकार बागेश्वर में भी भूस्खलन के चलते मलबा आने से छह ग्रामीण मार्ग बंद पड़े हुए हैं। किसी भी आपदा की स्थिति में अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं।

### रेड अलर्ट जारी

मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी जिले में बिजली चमकने के साथ भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी दो दिन भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। हालांकि 14 सितंबर को बारिश हल्की हो जाएगी। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि केदारनाथ यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्हें पिछले दिनों एम्स में भर्ती किया गया था। 72 वर्षीय माकपा नेता सीताराम येचुरी को पहले 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें आईसीयू में ले जाया गया था। तभी से उनका इलाज किया जा रहा था।

### हल्द्वानी में कैंसर अस्पताल विस्तारीकरण की राह हुई आसान

**संवाददाता** देहरादून। केंद्र सरकार ने हल्द्वानी में स्वामी राम कैंसर अस्पताल के विस्तारीकरण को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने यहां 44 पेड़ों के कटान को अनुमति दे दी है। इसके बाद अस्पताल के विस्तारीकरण की राह आसान हो गयी है। मरीजों को कैंसर उपचार के लिए अन्य शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा।

# लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार

## डॉक्टरों की हड़ताल और वार्ता पर गतिरोध के बीच बोलीं ममता बनर्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले महीने ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से राज्य सरकार की बातचीत गुरूवार को भी नहीं हो सकी।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हड़ताली डॉक्टरों से बातचीत करने के लिए दो घंटे तक इंकजार करती रहीं लेकिन डॉक्टर बातचीत करने नहीं आए। इस गतिरोध पर ममता बनर्जी ने कहा है कि वह लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर की हत्या मामले में मैं भी भी न्याय चाहती हूं। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से माफी मांगती हूं, जिन्हें उम्मीद थी कि आज आरजी कर गतिरोध खत्म हो जाएगा।

मुख्य सचिव मनोज पंत द्वारा भेजे गए ईमेल के जवाब में जूनियर डॉक्टरों ने प्रस्ताव को ठुकराते हुए पांच नई शर्तें रख दी। जिसमें मृतका के लिए न्याय और पुलिस आयुक्त समेत तीन वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बैठक और इसका सीधा प्रसारण करने की मांग शामिल है।

जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि हमलोग बंद कमरे में नहीं बल्कि मीडिया के सामने बातचीत चाहते हैं। साथ ही कहा कि सीएम से बातचीत के लिए हम लोग अपने 30 प्रतिनिधि भेजना चाहते हैं, जिसमें राज्य के 26 मेडिकल कालेजों में से प्रत्येक से एक प्रतिनिधि शामिल हो। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने जूनियर डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने की समयसीमा दी थी, लेकिन वह नहीं लौटे।

### प्रोटेस्ट साइट पर मिला संदिग्ध बैग

कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और अस्पताल के पास एक संदिग्ध बैग मिला है। ट्रेनी डॉक्टर्स की हत्या के मामले को लेकर जिस स्थान पर डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं, उसी स्थल पर यह संदिग्ध बैग मिला है। प्रोटेस्ट साइट पर डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। बम निरोधी दस्ता भी मौके पर पहुंचा।

# सीजेआई की पूजा में पीएम के जाने पर राजनीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के घर पहुंचे और गणेश पूजा में शामिल हुए। इसका वीडियो भी सामने आया था, जिसे लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखकर हैरानी जताई है। कपिल सिब्बल ने कहा कि मैं 50 साल से ज्यादा समय से सुप्रीम कोर्ट और इस संस्था में रहा हूं। मैं सीजेआई का बहुत सम्मान करता हूं। वे व्यक्तिगत रूप से बेहद ईमानदार व्यक्ति हैं। लेकिन जब मैंने यह वीडियो देखी जो वायरल हो रही थी, तो मैं हैरान रह गया।

कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को लेकर सैद्धांतिक रूप से कुछ दिक्कतें हैं। किसी भी सार्वजनिक पदाधिकारी को निजी कार्यक्रम का प्रचार नहीं करना चाहिए। मुझे यकीन है कि शायद सीजेआई को यह पता नहीं होगा कि इसका प्रचार किया जा रहा। प्रधानमंत्री को कभी भी इस तरह के निजी कार्यक्रम में जाने में अपनी रुचि नहीं दिखानी चाहिए थी। अगर इसके आसपास बातचीत होती है, तो यह संस्था के लिए ठीक नहीं है।

### विवाद

■भाजपा ने मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी पर उठाए सवाल

#### वे असल में गणपति पूजा का विरोध कर रहे: बीजेपी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चलता है। उन्होंने कहा कि श्पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान इफ्तार पार्टी आयोजित की जाती थी, इसमें तत्कालीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश शामिल भी होते थे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कुछ लोगों को राष्ट्रहित का ज्ञान नहीं

■दुश्मनों संग मिलेय राहुल गांधी पर बोले उपराष्ट्रपति धनखड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका दौरे में इल्हान उमर जैसी विवादित सांसद और तख्तापलट के माहिर कहे जाने वाले डोनाल्ड लू से मुलाकात पर विवाद हो रहा है। इस बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है। संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय है।

धनखड़ ने संसद भवन परिसर में राज्यसभा सचिवालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। उन्होंने कहा, यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे व्यक्ति स्वतंत्रता का मूल्य नहीं समझते। पीड़ा है कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है।

# रूस ने चेताया, कहा- चली तो मिलेगा करारा जवाब

## रूस-यूक्रेन के बीच एटीएसीएमएस मिसाइल की एंट्री

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मॉस्को। यूक्रेन से चल रही जंग में अमेरिका की एंट्री पर रूस ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। रूस ने कहा है कि अमेरिका ने यदि अपने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमले की यूक्रेन को अनुमति दी तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। रूस ने अपने बयान में जिस एटीएसीएमएस मिसाइल का जिक्र किया जा है उसकी मारक क्षमता 300 किलोमीटर है। एटीएसीएमएस मिसाइल का वजन 160 किलोग्राम तक है। एटीएसीएमएस एक सतह से दूसरे सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। यह सेना की तोपों, रॉकेटों और अन्य मिसाइलों की सीमा से कहीं ज्यादा दूर के लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है।

माना जा रहा है कि अमेरिका ने ये मिसाइलें यूक्रेन को दे रखी हैं। यूक्रेन अब रूस पर हमले के लिए इनके इस्तेमाल की अनुमति अमेरिका से मांग रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की करीब एक वर्ष से अमेरिका और अन्य सहयोगी देशों से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों और लड़ाकू विमानों की मांग कर रहे हैं जिससे उनकी सेना रूस के अंदरूनी इलाकों में हमले कर सके। जेलेंस्की का कहना है कि इससे रूस पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनेगा लेकिन पश्चिमी देशों को डर है कि इससे युद्ध का दायरा बढ़ सकता है और यूक्रेन से बाहर भी युद्ध फैल सकता है। रूस सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस पर यूक्रेन के हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह जवाब किस स्तर का होगा इसका अंदाजा नहीं लगाना चाहिए। रूसी संसद ड्यूमा के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोदिन ने भी यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति और उनसे रूस पर हमले को लेकर अमेरिका और पश्चिमी देशों को चेताया है। कहा है कि उसके बाद अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन तक युद्ध पहुंच सकता है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लेमी यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। दोनों नेताओं का संयुक्त दौरा उस समय हुआ है जब यूक्रेन रूस पर ताबड़तोड़ ड्रोन हमले कर रहा है और सहयोगी देशों से लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार मांग रहा है। ब्लिंकन ब्रिटिश समकक्ष लेमी को साथ लेकर लंदन से कीव पहुंचे हैं। लंदन में अमेरिकी विदेश मंत्री ने ईरान पर रूस को फैथ-360 शार्ट रेंज बैलेस्टिक मिसाइल देने का आरोप लगाया। इन मिसाइलों से रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। लेकिन ईरान ने अमेरिका और यूक्रेन की ओर से आए बयानों को नकारा है। कहा है कि उसने रूस को बैलेस्टिक मिसाइलें नहीं दी हैं। जबकि ब्रिटिश विदेश मंत्री लेमी ने कहा है कि हम रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हठधर्मिता के खिलाफ खड़े रहेंगे।

## न्यूज डायरी



### उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर दागीं बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। सियोल का कहना है कि पड़ोसी देश ने गुरुवार को पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। हालांकि दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने मामले की कोई ज्यादा जानकारी नहीं दी है लेकिन उन्होंने कहा कि घटना का विश्लेषण चल रहा है। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि प्योंगयांग ने आखिरी बार एक जुलाई को बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी। कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने युद्ध की तैयारियों को बढ़ाने के लिए और अधिक आत्मघाती ड्रोन के विकास और उत्पादन का आह्वान किया है। दक्षिण कोरियाई समाचार आउटलेट योनहाप ने पहले बताया था कि किम जोंग ने 24 अगस्त को विभिन्न ड्रोनों के प्रदर्शन परीक्षण की निगरानी की थी। परीक्षण के दौरान, पूर्व निर्धारित मार्गों पर उड़ाए गए ड्रोन ने निर्दिष्ट लक्ष्यों को नष्ट कर दिया। ड्रोन जमीन, हवा और समुद्र में दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने की क्षमता रखते हैं। उत्तर कोरियाई नेता ने ड्रोन के विकास में सक्रिय रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक को शामिल करने की आवश्यकता भी उठाई। योनहाप ने केसीएनए द्वारा ली गई तस्वीरें प्रकाशित कीं, जिसमें दो सफेद आत्मघाती हमलावर ड्रोन के-2 टैंकों जैसे दिखने वाले नकली लक्ष्यों पर हमला करते और उन्हें नष्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने पहली बार ऐसे हथियारों की तस्वीरों का अनावरण किया है।

### चीन का पड़ोसी कैसे बना कंप्यूटर चिप का किंग, अगला नंबर भारत का?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी ने कहा कि भारत चिप कंपनियों के लिए एक एकीकृत इकोसिस्टम देता है। दुनिया इसे लेकर भारत पर दांव लगा सकती है। उन्होंने कहा कि यह भारत में आने का सही समय हैं। सेमीकंडक्टर कंप्यूटर या किसी भी डिजिटल मशीन में लगने वाले चिप हैं। जब भी सेमीकंडक्टर की बात होती है तो ताइवान का नाम जरूर आता है। ताइवान की तरक्की का असली कारण सेमीकंडक्टर है। 1969 की गर्मियों में 23 साल के चिन ताई अमेरिका गए। इससे पहले वह ताइवान के एक छोटे से गांव में रहते थे, जहां मछली पकड़ने का काम होता था। तब ताइवान की अर्थव्यवस्था कृषि, चीनी के निर्यात और टीशर्ट पर निर्भर थी। चिन ने अमेरिका में देखा कि दुनिया टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है। चांद पर लोग जा रहे हैं और बड़े-बड़े हवाई जहाज भविष्य बना रहे हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक 78 साल के डॉ. चिन ने कहा, जब मैं वहां उतरा तो हैरान रह गया। प्रिंसटन में पढ़ाई और अमेरिकी सेमीकंडक्टर उद्योग में काम करने के बाद वह ताइवान आ गए। शिह ने अन्य इंजीनियरों के साथ मिलकर ताइवान का सेमीकंडक्टर क्षेत्र बनाना शुरू किया। काम ताइपे के दक्षिण में एक छोटे से शहर सिंचु में शुरू हुआ जो आज दुनिया की इलेक्ट्रॉनिक्स का केंद्र है। बाद में यहाँ दुनिया की सबसे बड़ी ताइवान सेमीकंडक्टर विनिर्माण कंपनी की स्थापना हुई।

### चीन की गोद में जा रहा भारत का मुस्लिम दोस्त देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पाकिस्तान से लेकर अफ्रीका तक के देशों को कर्ज के जाल में फंसाने वाले चीन के बेल्ट एंड रोड प्राजेक्ट के जाल में अब एक और देश फंसने जा रहा है। भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार संयुक्त अरब अमीरात चीन के बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि सऊदी अरब समेत खाड़ी के अन्य देशों की तरह से यूएई भी चीन के करीब बढ़ता दिख रहा है और बीजिंग के वैश्विक आर्थिक फुटप्रिंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है। यूएई के इस कदम का वैश्विक और क्षेत्रीय असर हो सकता है। वह भी तब जब शिया मुल्क ईरान पूरे मिडिल ईस्ट में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। यूएई बड़ा क्षेत्रीय और वैश्विक खिलाड़ी बनकर उभरा है। इससे यूएई एक प्रभावशाली आर्थिक ताकत बनकर उभरा है और खासतौर पर वैश्विक पहलों जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड को सपोर्ट किया है जिसे चीन के राष्ट्रपति ने साल 2013 में शुरू किया था।

### पाकिस्तान लगा रहा दुनिया का तीसरा सबसे ऊंचा झंडा?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** लौहार। कर्ज में डूबा पाकिस्तान वाघा सीमा पर दुनिया का तीसरा सबसे ऊंचा झंडा लगाएगा। अटारी सीमा पर भारत का का झंडा पाकिस्तान के झंडे से करीब 18 फुट ऊंचा है। भारतीय झंडे की कुल ऊंचाई 418 फुट है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ध्वजारोहण किया था। अभी पाकिस्तान में दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचे ध्वजस्तंभ है। इसकी ऊंचाई 115 मीटर है। अब वहां की सरकार इसे 135 मीटर करने जा रही है। निर्माण के बाद यह दुनिया का तीसरा सबसे ऊंचा ध्वजस्तंभ बन जाएगा।

पाकिस्तान अब भारत की नकल करके वाघा सीमा पर दर्शक दीर्घा का निर्माण करेगा। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने भारत से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर वाघा संयुक्त जांच चौकी विस्तार परियोजना की औपचारिक शुरुआत भी की है। इसका मुख्य उद्देश्य दर्शकों के बैठने के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराना है।

एक अधिकारी ने बताया कि बैठक क्षमता को मौजूदा आठ हजार से बढ़ाकर 24 हजार करने का लक्ष्य है। इस परियोजना की लागत तीन अरब पाकिस्तानी रुपये है। इसके पूरा होने की समय सीमा दिसंबर 2025 है। भारत की तरफ अटारी में 30 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है।



### यूक्रेन युद्ध पर हम सलाह देने के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस और यूक्रेन को बातचीत के जरिए संघर्ष को खत्म करना चाहिए और इसके लिए भारत दोनों देशों को हर मुमकिन सलाह देने को तैयार है। जयशकर ने ऐसे समय ये कमेंट किया है जब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए रूस में हैं। दावा किया जा रहा है कि डोभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रस्तावित एक पीस प्लान (शांति प्रस्ताव) के साथ मॉस्को गए हैं। इस प्लान को वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ साझा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री जयशंकर ने बर्लिन में जर्मन विदेश कार्यालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में बोलते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध पर कमेंट किया। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता कि यह युद्ध के मैदान पर कोई हल निकलने वाला है।

## भारत के सामने मोहम्मद यूनुस ने रख दी नई शर्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़ने के बाद से भारत और बांग्लादेश में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भारत लगातार हिंदुओं के मुद्दे पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर दबाव बना रहा है तो वहीं बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने हाल ही के दिनों में कई भारत विरोधी बयानों को हवा दी है। नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए शर्त रख दी है। मोहम्मद यूनुस का कहना है कि बांग्लादेश भारत के साथ निष्पक्षता और समानता के आधार पर अच्छे संबंध चाहता है। एक संबोधन में मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश भारत समेत अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। मगर ये संबंध निष्पक्षता और समानता के आधार पर होने चाहिए।

#### आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने ली थी शपथ

पांच अगस्त को शेख हसीना ने हिंसा के बीच देश और प्रधानमंत्री का पद दोनों छोड़ दिया था। इसके बाद 8 अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के तौर पर शपथ ली थी। यूनुस ने कहा क पदभार संभालने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई विदेशी नेताओं से फोन पर बधाई दी थी। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि दुनिया बांग्लादेश को एक सम्मानित लोकतंत्र के रूप में जाने। यही हम चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन को पुनर्जीवित करने के कदम उठाए गए हैं। बाढ़ के मुद्दे पर भी भारत और बांग्लादेश के बीच उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता चल रही है।

मोहम्मद यूनुस कहना है कि भारत को यह विचार छोड़ना होगा कि शेख हसीना की गैर-मौजूदगी में बांग्लादेश एक और अफगानिस्तान बन जाएगा। हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। मगर शेख हसीना का भारत से राजनीतिक टिप्पणी करना अमित्रवत इशारा है। प्रत्यर्पण के अनुरोध तक शेख हसीना को चुप रहना चाहिए।

### अमेरिका में भारतीय मूल के वकील को कंपनी ने नौकरी से निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में भारतीय मूल के एक वकील को कंपनी के सीईओ के साथ कथित अनुचित संबंध रखने पर नौकरी से निकाल दिया गया है। सीईओ को भी सस्पेंड कर दिया गया है। नॉरफॉक सदर्न कॉरपोरेशन ने ये फैसला लिया है। कंपनी ने कहा कि सीईओ एलन शॉ को और भारतीय मूल की वकील नबनिता सी नाग को बर्खास्त किया गया है। कॉर्पोरेशन ने कहा कि दोनों के बीच संबंध सहमति से थे लेकिन उन्होंने ऐसा करके कंपनी की नीतियों का उल्लंघन किया है। कॉर्पोरेशन ने बयान में कहा कि शॉ के हटाए जाने का कंपनी के प्रदर्शन, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऑपरेशन के रिजल्ट से संबंधित नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉरफॉक साउदर्न ने कहा कि बोर्ड की शुरुआती जांच के बाद नबनिता सी नाग को कॉर्पोरेट मामलों, मुख्य कानूनी अधिकारी और कॉर्पोरेट सचिव के रूप में उनकी भूमिकाओं से तुरंत हटा दिया गया है।

## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# यातायात नियमों के उल्लंघन पर महज 24 घंटे में 62 वाहनों का हुआ चालान

**अभियान**

## डीएम के निर्देश पर चारधाम यात्रा मार्ग पर वाहनों की जांच के लिए चलाया विशेष अभियान

**संवाददाता**



चमोली। चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात और स्वच्छता बनाए रखने को लेकर चमोली में जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों पर यात्री वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। एसडीएम कर्णप्रयाग और परिवहन अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में चले इस विशेष अभियान में महज 24 घंटे में 62 वाहनों का चालान और एक वाहन को सीज किया गया।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर बिखरे प्लास्टिक बोतल, रेपर और गंदगी को देखते हुए यात्री वाहनों की जांच के लिए एसडीएम और परिवहन अधिकारी को संयुक्त चौकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। ताकि यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात और स्वच्छता बनी रहे। जिलाधिकारी के निर्देशों पर चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्री वाहनों की जांच की गई। जिसमें कुछ वाहनों में डस्टबिन न मिलने और शराब के नशे में वाहन चलाने समेत अन्य अभियोग के अंतर्गत महज 24 घंटे में 62 वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान यात्री वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात संबंधी जरूरी निर्देश भी दिए गए।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र ने बताया कि 10 सितंबर की रात्रि और 11 सितंबर को कर्णप्रयाग के निकट चारधाम यात्रा मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 62 वाहनों का चालान किया गया। शराब के नशे में वाहन चलाने पर एक वाहन का सीज किया गया। चौकिंग अभियान के दौरान यात्री वाहन ओवरलोडिंग पर 05, बिना लाइसेंस 09, बिना प्रदूषण 07, बिना बीमा 04, बिना सीट बेल्ट 09, बिना फस्ट एड बॉक्स 12, ब्लैक फिल्म 01, बिना कर 03, रिफ्लेक्टर 03, बिना डस्टबिन 04, बिना हेलमेट 01, मोबाइल प्रयोग करने पर 01 तथा अन्य अभियोग के तहत 21 वाहनों का चालान किया गया।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग संतोष कुमार पांडेय, एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्र सहित तहसील और परिवहन विभाग के संबंधित कार्मिक मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### मानवाधिकार आयोग ने सुनवाई के दूसरे दिन 5 वादों का किया निस्तारण

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के सदस्य गिरधर सिंह धर्मशक्तू व राम सिंह मीणा की खंडपीठ ने जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई के दूसरे दिन गुरुवार को 41 वादों की सुनवाई की। इस दौरान खंडपीठ ने 5 वादों का निस्तारण किया। इस दौरान चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग के वादों की सुनवाई की गई। चमोली जिला पंचायत सभागार में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित दो दिवसीय सुनवाई के दौरान कुल 62 परिवादों की सुनवाई की गई। जिनमें से 7 वादों का समाधान किया गया। जबकि अन्य परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर मानवाधिकार आयोग के सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी, निबंधक (विधि) ब्रजेन्द्रमणी त्रिपाठी, अनु सचिव राजेंद्र झिंक्वांण, उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता, नायब तहसीलदार दीप्ति शिखा आदि मौजूद थे।

### कैम्पस एक्टिववियर ने वार्षिक रिटेल मीट में मनाया दैनिक गतिविधियों का जश्न

**संवाददाता** काशीपुर। भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने इस सप्ताह काशीपुर में गुप्ता एजेंसिज के साथ साझेदारी में अपने वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन किया। कैम्पस एक्टिववियर की लीडरशिप टीम और स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र से 110 से अधिक दुकानदारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विषय था 'सेलेब्रेशन ऑफ एवरीडे मोमेन्ट्स' जिसने पूरे परिवार की दैनिक गतिविधियों के लिए पसंदीदा विकल्प बनने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस वर्ष कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड उपभोक्ताओं की विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए फुटवियर्स की आधुनिक रेंज लेकर आए है।

### नथिंग इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले किया अपने सर्विस सेंटर नेटवर्क का विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। लंदन का कंज्यूमर टेक ब्रांड नथिंग आज के समय में देश का सबसे तेजी से बढ़ता फोन ब्रांड है। नथिंग ने भारत में अपने तेजी से बढ़ती ग्राहकों की संख्या को देखत हुए अपने सर्विस सेंटर नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। 2024 की पहली छमाही में 567प्रतिशत की ग्रोथ के साथ नथिंग भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। अपनी मजबूत उपस्थिति को देखते हुए नथिंग इंडिया अब पूरे देश में कस्टमर सपोर्ट की पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नथिंग इंडिया के मार्केटिंग हेड प्रणय राव ने कहा नथिंग इंडिया ग्राहकों को बेजोड़ कस्टमर सर्विस प्रदान करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

# डीएम ने अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

**संवाददाता** चमोली। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से उत्तराखंड राज्य के चमोली सहित 10 जिलों में कहीं कही भारी से अत्यंत भारी वर्षा और आकाशीय बिजली की चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आईआरएस से जुड़े समस्त अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। साथ स्थानीय जनता को विशेष सावधानी, सुरक्षा एवं आवगमन में नियंत्रण रखने की सलाह दी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रत्येक स्तर पर तत्परता बनाए रखते हुए सावधानी, सुरक्षा और आवागमन पर नियंत्रण रखा जाए। किसी भी आपदा, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्रवाई करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान किया जाए। मोटर मार्ग बाधित होने की दशा में सड़क निर्माणदायी संस्थाएं तत्काल सड़क खुलवाना सुनिश्चित करें। समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहे।

समस्त चौकी, थाने भी आपदा प्रबंधन संबधी उपकरणों एवं वायरलेस सहित अलर्ट पर रहें। आपदा की सूचना आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0135–2710334, टोल फ्री नंबर 1070, मोबाइल नंबर 8218867005, 9058441404 तथा फैक्स नंबर 0135–2710335 पर तत्काल देना सुनिश्चित करें। कोई भी अधिकारी अपना फोन स्विच ऑफ नहीं रखेंगे। फंसे हुए लोगों के लिए खाद्यान्न सामग्री व मेडिकल की व्यवस्था रखी जाए।



## कर्मचारियों का शत प्रतिशत सत्यापन करने की हिदायत

**संवाददाता** पुरोला। प्रदेश में सर्राफा दुकानों पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव के निर्देशानुसार गुरुवार को पुरोला थानाध्यक्ष मोहन कठैत ने सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक कर दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के साथ–साथ दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों का शत प्रतिशत सत्यापन करने की हिदायत दी। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने के निर्देश भी दिए। थानाध्यक्ष पुरोला मोहन सिंह कठैत ने पुलिस चौकी बाजार सराफा व्यापारियों के साथ एक बैठक कर सर्राफा व्यापारियों को दुकानों में उच्च गुणवत्ता के ब्ब्ट कैमरे लगाने, डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखने, सोने के जेवरातों को डबल लॉक में रखने, दुकानों में गोपनीय स्थान पर अलार्म लगाने के साथ दुकान में काम करने वाले कारीगरों का शत प्रतिशत पुलिस सत्यापन और सुरक्षा सम्बन्धी जरुरी हिदायत दी है।

# चंदेली गाँव में जिला स्तरीय अश्वमित्र सम्मेलन का किया गया आयोजन

**संवाददाता।**

■अश्व कल्याण परियोजना उत्तरकाशी संस्था के तत्वावधान में हुवा अश्वमित्र सम्मेलन

पुरोला। अश्व कल्याण परियोजना, ब्रूक इंडिया के तत्वधान में गुरुवार को विकासखण्ड पुरोला के चन्देली गांव में अश्वमित्र जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पुरोला, नौगांव, मोरी,भटवाड़ी, चिन्यालीसौड़ व डुंडा ब्लॉक के विभिन्न सुदूरवर्ती गाँवो से 45 महिला व पुरूष अश्वमित्रों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व प्रार्थना के साथ किया। वंही परिचय सत्र के साथ सहायक परियोजना अधिकारी प्रशान्त कुमार ने उत्तरकाशी जनपद में स्वयं सेवी संस्था ब्रूक इंडिया के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संस्था अश्वओं ( घोड़ा ,गधा, खच्चर) के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने अश्वओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए कहा कि वर्तमान में एक अश्व से स्वयं अश्वपालक,साज बनाने वाले तथा घूँटा चोकर से जुड़े लोगों को इससे रोजगार मिल रहा है। जिनका परिवार एक अश्व के कार्य करने से चलता है तो फिर अश्वओ के कल्याण के बारे में भी सोचना जरूरी है। कार्यक्रम में अश्वओ की मुख्य बीमारियों कोलिक सर्रा,टिटनेस के कारण लक्षण बचाव के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। दूसरी ओर ब्रूक इंडिया संस्था देहरादून से आये विश्वास भंडारी ने अश्वओ के साज सज्जा सहित अश्वओ से आजीविका के साधनों को श्रोत बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने,अश्व कल्याण समूहों के माध्यम से अश्वओ का बेहतर कल्याण करने,पशुओं के बीमा, घोडो में होने वाली बीमारी ग्लैण्डर ,राष्ट्रीय पशुधन योजना,अजोला घास,फीड,फोम सुंडा, सुम खुदनी,फेरियर टूल्स, प्राथमिक उपचार किट व अस्तबल आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

वंही कार्यक्रम में आये खंड विकास अधिकारी सुरेश चौहान ने ग्रामीण स्तर पर चल रही आवास,शौचालय, गौशाला व पेंशन, एनआरएलएम, आरएफ व सीआईएसएफ फण्ड आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभ लेने की अपील की।

## कालाढूंगी में गुलदार और हाथियों का आतंक

**संवाददाता** कालाढूंगी। कालाढूंगी में जहां दिन में बंदर और लावारिस कुत्तों की फौज से आम लोग परेशान हैं, वहीं रात में हाथियों की चिंघाड़ और गुलदार की दहाड़ से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की है। कालाढूंगी बाजार और शहर क्षेत्र में लावारिस कुत्तों के झुंड और बंदरों का उत्पात लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। वहीं रात के समय कालाढूंगी के वार्ड नंबर एक और दो में रोज गुलदार की दस्तक से भय का माहौल बना हुआ है। इसी क्षेत्र में गुलदार विगत वर्ष एक मासूम को अपना निवाला बना चुका है। जबकि जंगल से सटे कई क्षेत्रों में गजराज की गरज ने भी लोगों की नींद हराम कर रही है। बुधवार रात्रि कॉर्बेट गांव छोटी हल्द्वानी में हाथियों ने कई ग्रामीणों की फसल रौंद डाला। हाथियों का झुंड रात में लोहे का गेट तोड़कर गांव में घुस गया।

# उठ रहे थे सवाल

**पीएम मोदी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाना जाहिर करता है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद इस मामले में भारत की चिंता दूर नहीं हुई है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर दिखी अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए अगर सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुई उनकी फोन वार्ता पर गौर करें तो हाल की यूक्रेन यात्रा की सार्थकता ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आती है। यूक्रेन यात्रा ने उन गलतफहमियों को भी खत्म कर दिया है, जो रूस यात्रा के बाद खास तौर पर पश्चिमी हलकों में दिखाई देने लगी थीं।

पीएम मोदी की रूस यात्रा की टाइमिंग को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठाए गए थे। एक तो वह यात्रा अमेरिका में नैटो देशों की प्रस्तावित बैठक के ठीक पहले हुई थी, दूसरे वह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हुई उनकी पहली विदेश यात्रा होने की वजह से भी अहम मानी गई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी तब पीएम मोदी की रूस यात्रा पर खुले रूप में नाखुशी जताई थी।



इसके बरक्स सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की पहल पर हुई फोन वार्ता इस बात का साफ संकेत है कि जो भी गलतफहमियां रही हों, वे पूरी तरह मिट चुकी हैं। हालांकि भारत पहले दिन से अपने इस रुख पर अडिग रहा है कि वह बातचीत के जरिए जल्द से जल्द शांति स्थापित करने के पक्ष में है। पीएम मोदी ने रूस में राष्ट्रपति पूतिन से भी कहा था कि युद्ध के मैदान से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सकता, और यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी सुझाव दिया कि जल्द शांति स्थापित करने के लिए वह रूस से बातचीत करें।

दोनों नेताओं की फोन वार्ता में बांग्लादेश का जिक्र आना कई लिहाज से अहम है। पड़ोस का यह मुल्क जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसे लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। ऐसे में भारत और अमेरिका दोनों देशों का अपनी चिंताएं साझा करना मायने रखता है। पीएम मोदी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाना जाहिर करता है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद इस मामले में भारत की चिंता दूर नहीं हुई है। जिस तरह से तथ्यों के विपरीत जाकर बांग्लादेश के कुछ नेता बाढ़ के लिए भारत पर उंगली उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वह भी बताता है कि वहां भारत के खिलाफ माहौल बनाने वाले तत्व अब भी सक्रिय हैं।

यह फोन वार्ता ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिनों बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान मोदी और बाइडन मिलने वाले हैं। उसी बीच, क्वॉड देशों की बैठक भी प्रस्तावित है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों में हो रही प्रगति की भी समीक्षा की। कुल मिलाकर, इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों की सहजता को रेखांकित किया है।

## भोलाराम

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।**
भोलाराम के परिवार वाले, उसे समझाने की बहुत कोशिश करते हैं, लेकिन भोलाराम का संकल्प अटूट थाद्य उसने ठान लिया था कि, अब उसका कोई साथ दें, या ना दे, वह कावड़ लेकर, अकेला ही जाएगाद्य भोलाराम की कांवड़ सजाने के लिए, कई गाँवों के लोग, उपस्थित हुए थे। सभी भोलाराम का उत्साह बढ़ाते हैं, हालाँकि भोलाराम को, अपने महाकाल पर पूर्ण विश्वास था, इसलिए वह, इस कबाड़ यात्रा के संकल्प को, छोटा ही समझ रहा था। दरअसल वह पहली बार, महाकाल की कावड़ यात्रा में हिस्सा लेने जा रहा था और उसे अंदाजा भी नहीं था कि, इस सफर में कितनी परेशानियां होने वाली है। भोलाराम अगली सुबह, अपनी कावड़ यात्रा अकेले ही प्रारंभ करता है।

----'k"k dy

# संपादकीय

## साहस का समय

लोकतांत्रिक मानक क्या हैं? लोगों को एक–दूसरे का सम्मान करना चाहिए। ज्यादातर बातचीत में सेक्स को शामिल करना गलत होगा। जब बातचीत यौन रूप लेती है, तो तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहली बात है आपसी सहमति। दूसरी बात है, अगर कोई पक्ष पहले से रिलेशन में है तो उसका सम्मान। तीसरी बात है कि अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल न करें। केवल पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी पुरानी सोच से प्रभावित होती हैं। इससे उन्हें खुद फैसले लेने की आजादी नहीं मिलती और वे खुद को सिर्फ सेक्स की चीज के तौर पर देखती हैं। वे ऐसे कपड़े पहनती हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सेक्सुलाइज करते हैं। पश्चिमी सभ्यता को आधुनिकता मानने की वजह से यह प्रवृत्ति बढ़ रही है। परंपरा और धर्म का महिमामंडन करते हुए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव नहीं है। परंपरा और धर्म में जो अच्छा है उसे स्वीकार करना चाहिए और आगे बढ़ाना चाहिए। जो असमान और अलोकतांत्रिक है, उसे त्याग देना चाहिए। इसके लिए स्पष्टता और साहस की जरूरत है।

**ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारे पारंपरिक मूल्यों में महिलाओं की इच्छा और उनकी सहमति को महत्व नहीं दिया गया। इन पारंपरिक मूल्यों को बदलने की जरूरत है। इनकी जगह आधुनिक और लोकतांत्रिक मानदंड अपनाए जाने चाहिए।**

# बदलाव की जरूरत

टी के अरुण।।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए नए कड़े कानून बनाना और मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। ऐसे उपायों को पेश करके प्रधानमंत्री ने गलती कर दी। दरअसल, हमें जरूरत है मौजूदा कानूनों को आसानी से लागू करने और महिलाओं के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव की। जेंडर के आधार पर होने वाला भेदभाव और महिलाओं पर पितृसत्तात्मक कंट्रोल खत्म होना चाहिए।

समाज में बदलाव लाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। भारत को बड़े स्तर पर शहरीकरण की दिशा में बढ़ना होगा, क्योंकि वर्तमान में आबादी का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा ही शहरों में निवास करता है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को इस रूप में विकसित करना चाहिए कि अधिक से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में काम कर सकें। वे केवल घरेलू काम, बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल तक सीमित न रहें। राष्ट्रीय आय में अधिक हिस्सेदारी से महिलाओं को ज्यादा आर्थिक आजादी मिलेगी, खुद से जुड़े मामलों में फैसले लेने का ज्यादा हक मिलेगा। यह जरूर है कि महिलाओं की आर्थिक आजादी से समाज में तनाव बढ़ सकता है। नौकरी में पुरुषों को महिलाओं से मुकाबला




करना पड़ेगा। आत्मविश्वासी महिलाएं घरेलू हिंसा या शादी में धोखाधड़ी को सहन नहीं करेंगी। अधिक से अधिक महिलाएं चाहेंगी कि वे अपना जीवनसाथी खुद चुनें। ऐसे रिश्ते शादी में जाति और समुदाय के पारंपरिक रीति–रिवाजों से अलग हो सकते हैं। लेकिन, सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि समाज महिलाओं की सेक्सुअलिटी के साथ कैसे पेश आता है। अभी महिलाओं के प्रति मुख्यधारा के भारतीय समाज का रवैया बेहद पाखंडी है। उन्हें मां, बेटी और बहन के रूप में संबोधित किया जाता है। ये सारे शब्द रिश्तेदारी वाले हैं। किसी महिला को मां, बहन या बेटी के रूप में दर्शाने का मतलब है कि उसे एक व्यक्ति के रूप में न देखना। सेक्सुअलिटी व्यक्तित्व का एक हिस्सा है।

हकीकत में परंपराएं पुरुषों को महिलाओं को मुख्य रूप से सेक्स की चीज देखने के लिए प्रशिक्षित करती हैं। उनके व्यक्तित्व के अन्य सभी पहलुओं की उपेक्षा की जाती है। पारंपरिक संस्कृति पुरुषों को यह भी सिखाती है कि महिलाएं कमजोर होती हैं। अबला शब्द महिला का पर्यायवाची है। यह भी सिखाया जाता है कि महिलाएं खुद पर नियंत्रण नहीं रख सकतीं। मनु स्मृति में कहा गया है, न स्त्री स्वातंर्त्यमर्हति। जब कोई महिला दहलीज को पार करती है, जब वह घर से बाहर निकलती है, खासकर रात में और बिना किसी पुरुष के तो अनैतिक समझा जाता है। किसी महिला का सुंदर दिखना कामुक निमंत्रण मान लिया जाता है। हमारी फिल्मों के गीतों में पूछा जाता है, आपकी सुंदरता के सामने मैं अपने आप पर काबू कैसे रखूं? ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारे पारंपरिक मूल्यों में महिलाओं की इच्छा और उनकी सहमति को महत्व नहीं दिया गया। इन पारंपरिक मूल्यों को बदलने की जरूरत है। इनकी जगह आधुनिक और लोकतांत्रिक मानदंड अपनाए जाने चाहिए।

जो लोग बलात्कार के बाद किसी महिला को अपवित्र मानते हैं, उनके लिए यह कोई बड़ी बात नहीं हो सकती। लेकिन, हम लोगों के लिए यह गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक पूर्वाग्रह केवल भारत तक ही सीमित नहीं। अधिकांश समाज पितृसत्तात्मक हैं और उन सभी में यह परंपरा विरासत में मिली है। वहां इन पूर्वाग्रहों को छोड़ने और लोकतांत्रिक मानकों को अपनाने में मिली–जुली सफलता मिली।

### सूडोकू नवताल-5201

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5200 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### सांस्कृतिक पूर्वाग्रह

**मोहन।** जो लोग रेप और दूसरी यौन हिंसा को अंजाम देते हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। फैसला तेजी से किया जाए। 2012 में दिल्ली के निर्भया कांड के बाद कानूनी बदलाव हुए और तब से बलात्कारियों को फांसी की सजा देने पर विचार चल रहा है। हालांकि इससे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में कमी नहीं आई। नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक, साल 2022 में देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 4,45,256 केस दर्ज किए गए। 2021 की तुलना में आंकड़ों में 4: का उछाल आया। 20 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले 19 महानगरों में 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के प्रति अपराध 12.3: बढ़ गया। वहीं, रेप में सजा का प्रतिशत केवल 27.4 है। मेट्रो शहरों की बात करें तो यह आंकड़ा और कम हो जाता है, महज 17.9:। साथ ही, यौन अपराधों की रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। तो क्या हमें इस बात पर भरोसा कायम रखना चाहिए कि कड़े कानूनों से महिलाएं सुरक्षित हो जाएंगी? रेप के लिए मौत की सजा का प्रावधान करने का एक परिणाम यह है कि इससे रेपिस्ट पीड़िता की हत्या कर देते हैं ताकि मुख्य गवाह को खत्म किया जा सके।






## अक्षय कुमार तेलुगू फिल्म कनप्पा में बने भगवान शिव!

एक तरफ अक्षय कुमार की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही हैं, और दूसरी ओर वह एक के बाद एक फिल्में अनाउंस कर रहे हैं। हाल ही एक्टर के बर्थडे पर दो नई फिल्में अनाउंस की गईं। एक तरफ प्रियदर्शन और एकता कपूर के साथ श्भूत बंगलाश तो वहीं दूसरी ओर तेलुगू फिल्म श्कनप्पाश। तेलुगू एक्टर विष्णु मंचू ने 9 सितंबर को अक्षय के बर्थडे पर उन्हें विश करते हुए श्कनप्पाश से एक्टर का फर्स्ट लुक शेयर किया। इसे देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार की पहली झलक देखकर ऐसा लग रहा है कि शायद वह इस फिल्म में भगवान शिव का रोल प्ले कर रहे हैं। तस्वीर में उनकी बाजू पर रुद्राक्ष की माला बंधी हुई है। साथ में लिखा है, श्बेशक, भगवान शिव सभी लोकों पर सर्वोच्च शासन करते हैं, लेकिन जब बात श्रद्धालुओं की असीम भक्ति की आती है, तो वह सरेंडर कर देते हैं। अक्षय की इस नई फिल्म पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं। उनका कहना है कि अब अक्षय धमाल मचा देंगें। यह एक बिग बजट मूवी होगी, जिसमें विष्ण मंचू और अक्षय कुमार के अलावा प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और सरतकुमार भी नजर आएंगे। मेकर्स ने मार्च 2024 में महाशिवरात्रि के मौके पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया था।

## कौन है अनुष्का शर्मा की ये बहन, जिसकी हो रही चर्चा

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के बारे में तो हर दिन हम कई सारी बातें सुनते और देखते रहते हैं लेकिन अब उनकी बहन भी चर्चे में आ गई हैं। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वह कोई और नहीं बल्कि रूहानी शर्मा हैं। रूहानी एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की कजिन हैं। वो विराट कोहली की साली साहिबा हैं। हिमाचल प्रदेश में जन्मी और पली बढ़ी रूहानी शर्मा ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। वह बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की चचेरी बहन हैं और खासकर तेलुगू फिल्मों में काम करती हैं। रूहानी शर्मा पहली बार 2013 में पंजाबी म्यूजिक वीडियो ठेका बाय एमी बैस, क्लासरूम और कुड़ी तू पटाका में दिखाई दीं। 2017 में, उन्होंने तमिल फिल्म श्कदैसी बेंच कार्थीश से एक्टिंग की शुरुआत की और उनका राहुल रवींद्रन की फिल्म ची ला सो से तेलुगू डेब्यू हुआ और उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया।

## सिद्धांत चतुर्वेदी पर भारी पड़े राघव जुयाल, एक्शन से भरा ट्रेलर देख घूमेगा सिर



एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म श्युध्राश का दूसरा ट्रेलर रिलीज हुई है। जो खून खराबे और मार-धाड़ से भरपूर है। राघव जुयाल और सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम भयानक लुक में दिखाई दे रहे हैं। एक्शन-थ्रिलर से भरपूर ये मूवी 20 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। मगर माहौल उसके पहले से भी मेकर्स ने बना दिया है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने मुंबई के गेयटी गैलेक्सी में हजारों फैंस और मीडिया के सामने एक्शन से भरपूर ट्रेलर 2 को लॉन्च किया है। यह एक जोशीला और रोमांचक पल था, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी की मौजूदगी ने फैंस को दीवाना बना दिया।
एक्शन और एक्साइटमेंट से भरपूर, श्युध्राश का ट्रेलर 2 सिद्धांत चतुर्वेदी द्वारा निभाए गए निडर और तेज युद्धा और राघव जुयाल द्वारा निभाए गए खतरनाक विलेन शफीक के बीच एक खतरनाक लड़ाई दिखाता है। एक बड़े शो डाउन और दमदार डायलॉग्स के साथ, ट्रेलर यह साफ करता है कि यह फिल्म एक्शन में नए स्टैंडर्ड सेट करने के लिए तैयार है। ट्रेलर 2 में नजर आ रही दोनों किरदारों के बीच की टक्कर बड़े पर्दे पर इसे देखने के लिए फैंस और दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाली है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युद्धा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट हैं। 1:08 मिनट के इस ट्रेलर में ऐसे-ऐसे सीन्स देखने को मिले हैं, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

# एकता कपूर के गणेश उत्सव में बेटी संग पहुंची साक्षी तंवर

*साक्षी तंवर ने कहानी घर घर की में पार्वती का रोल किया और उसी से वह ऐसी चमकीं कि लोग आज भी उन्हें इसी नाम से बुलाते हैं। और इसके बाद इनकी लाइफ में जो टर्निंग प्वॉइंट आया, वो था, बड़े अच्छे लगते हैं, जिसमें इन्होंने प्रिया का रोल किया था और राम कपूर के साथ इनकी जोड़ी को इतना पसंद किया गया था कि एकता कपूर ने दूसरा सीजन भी बनाया था।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**लाल चूड़ी और पीले घांघरे में लाडली ने जीत लिया दिल**

टीवी से लेकर फिल्मों का सफर तक चुकीं एक्ट्रेस साक्षी तंवर का हर कोई दीवाना है। एक्ट्रेस ने अपने काम से लोगों के बीच पहचान बनाई है। उन्हें हर बार की तरह, इस बार भी बेटी के साथ एकता कपूर के गणपति उत्सव में देखा गया। तमाम सितारों के साथ-साथ एक्ट्रेस ने भी शिरकत की। जहां वह सादगी भरे अवतार में नजर आईं और सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

**साक्षी तंवर ने नहीं की शादी**

साक्षी तंवर की बेटी का नाम दित्या है। एक्ट्रेस ने शादी नहीं की और उन्होंने 2018 में 9 महीने की बच्ची को गोद लिया था। वह सिंगल मदर हैं और लाडली पर जान छिड़कती हैं। एकता कपूर से उनका रिश्ता बहुत गहरा है क्योंकि उन्होंने उनके साथ कई शोज में काम किया है। इसलिए कोई भी फंक्शन हो, वह उनके यहां जरूर पहुंचती हैं। अब गणेश उत्सव कार्यक्रम में वह बेटी के साथ नजर आईं। जहां उन्होंने तो साड़ी पहनी थी और बेटी पीले





रंग के लहंगा-चोली में नजर आ रही थी। हाथ में उसने चूड़ियां भी पहनी थी। जिसे वह सम्भालती दिख रही थी।

**साक्षी तंवर की बेटी ने खींचा ध्यान**

साक्षी तंवर का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस मुस्कुरा रही हैं। बेटी को कैमरे की तरफ देखने को कह रही हैं। मगर दित्या थोड़ी कन्फ्यूज नजर आईं। इन्हें देख लोगों ने कहा कि साक्षी को किसी परिचय की जरूरत नहीं। उन्होंने टीवी की दुनिया पर राज किया है। एक यूजर ने लिखा, पार्वती मां, हम आपको हमेशा टीवी पर याद करते हैं। एक ने बेटी के लिए लिखा, श्मुझे लगता है कि वह असहज महसूस कर रही है।

# पुलिस ने शुरू की मलाइका अरोड़ा के पिता की खुदकुशी की जांच

*मलाइका अरोड़ा के पिता की सुसाइड के बाद घटना की जांच में पुलिस जुट गई है। घटनास्थल का वीडियो सामने आया है जिसमें पुलिस वहां मार्किंग करती दिख रही है जहां अनिल शर्मा की बॉडी पड़ी थी। वहां बीती रात का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें अमृता अरोड़ा घर की तरफ देखकर बाय करती दिख रही हैं।*



मलाइका अरोड़ा के घर में इस वक्त शोक की लहर है। उनके पिता अनिल अरोड़ा इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने बांद्रा स्थ्थित घर आयशा मैनोर अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूदकर जान दे दी है। अनिल अरोड़ा की खुदकुशी की खबर सुनकर पूरी इंडस्ट्री सकते में हैं। हर किसी के मन में यही सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से मलाइका के पिता ने इतना बड़ा कदम उठाया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस मलाइका की मां के घर पहुंच गई हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का मार्किंग कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

**अखबार पढ़ रहे थे अनिल अरोड़ा**

मलाइका की मां ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह जब उन्होंने लिविंग रूम में पूर्व पति अनिल अरोड़ा की चप्पलें देखीं, तो वह उन्हें देखने बालकनी में गईं। जब वह बालकनी में भी नहीं मिले, तो उन्होंने झांककर नीचे देखा। वॉचमैन मदद के लिए चिल्ला रहा था और अनिल अरोड़ा नीचे पड़े थे। कहा जा रहा है कि अनिल अरोड़ा पिछले काफी समय से बीमार थे, लेकिन मलाइका की मां ने इससे इनकार किया और कहा कि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी। बस उनके घुटनों में दर्द रहता था। जॉइस के मुताबिक, अनिल अरोड़ा ने मर्चेंट नेवी से वीआरएस (वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम) लिया था।

**सुबह ६ बजे अनिल अरोड़ा ने उठाया बड़ा कदम**

खबर है कि आज बुधवार सुबह 9 बजे के करीब अनिल अरोड़ा ने इतना बड़ा कदम उठाया और अपनी जान दे दी। घटना के वक्त मलाइका पुणे में थीं और बताया जा रहा है कि वह मुंबई रवाना हो चुकी हैं। हालांकि, मामले की खबर लगते ही सबसे पहले मलाइका के एक्स हसबैंड वहां पहुंच गए हैं। इसके अलावा सलमान और अरबाज खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री भी तुरंत मलाइका की मां के घर पहुंच गई हैं।

# ऐसे खाकर मिलेगा पूरा विटामिन बी12

*विटामिन बी१२ वेजिटेरियन फूड्स में कम होता है। मगर कुछ शाकाहारी चीजें ऐसी हैं जो अकेले दम पर इसकी कमी को दूर कर सकती हैं। नोरी के अंदर कोबालामिन भरा रहता है और यह कैंसर का खतरा भी कम करने में मदद करती है। लोगों में विटामिन बी१२ की कमी सबसे ज्यादा देखी जाती है और काजू-बादाम इसे नहीं देते हैं। यह ऐसा न्यूट्रिएंट है जो पूरी बॉडी का कामकाज संभालता है।*



**बी12 के लिए नोरी खाने का तरीका**
यह एक ड्राई शीट के रूप में आती है। आप इसे रोस्ट करके खा सकते हैं। साथ ही सूप, नूडल्स, सलाद, चावल, सैंडविच, पिज्जा में डालकर खा सकते हैं। आप नोरी शीट का रैप बनाकर खा सकते हैं। इसका इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है।

नोरी में पोषक तत्वों की भरमार होती है। इस औषधि को इस्तेमाल करने से कमजोरी के साथ कैंसर का खतरा दूर किया जा सकता है। यह शरीर की दूसरी बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है। यह जापान में खूब खाई जाती है, इसमें औषधीय गुणों की भरमार है।

**विटामिन बी12 का भंडार**
नोरी में कई सारे न्यूट्रिएंट होते हैं। इसमें आवश्यक विटामिन बी12 भी होता है। एनसीबीआई पर प्रकाशित शोध के मुताबिक नोरी के सेवन से रोजाना के लिए जरूरी कोबालामिन ले सकते हैं। इसे लेने से कमजोरी, नसों में दर्द, सूजन, जी मिचलाना, उल्टी, डायरिया, पीलिया, खून की कमी, एनीमिया, चिड़चिड़ापन कम किया जा सकता है।

**कैंसर से होगा बचाव**
कई सारे नए शोध बताते हैं कि विटामिन बी12 कैंसर से बचाने में भी मदद करता है। इसकी कमी से डीएनए सिंथेसिस का प्रोसेस बिगड़ सकता है जो कि कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। यह एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरा है जो कैंसर बनाने वाली फ्री रेडिकल का खात्मा करते हैं। इसलिए कैंसर के प्रमुख कारण दूर करने के लिए इस विटामिन को लेते रहें।

**नोरी खाने के फायदे**
- गट हेल्थ के लिए फायदेमंद
- भूख कंट्रोल करने वाली
- वजन घटाने में मददगार
- बीपी, कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने से रोकने वाली
- टाइप 2 डायबिटीज से बचाव
- प्रोटीन, आयोडीन राइबोफ्लेविन से भरपूर




## रोजाना ये काम करने से टेंशन की होगी छुट्टी, लौट आएगी चेहरे की हंसी

आज के समय में स्ट्रेस यानी तनाव एक आम बात हो गई है। पूरी दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें किसी न किसी बात को लेकर तनाव रहता है। कोई अपने व्यक्तिगत जीवन में चल रही परेशानियों को लेकर तनाव में रहता है तो किसी को काम का स्ट्रेस रहता है। तनाव की स्थिति में व्यक्ति दबाव महसूस करता है और धीरे धीरे नकारात्मकता उस पर हावी होने लगती है। ज्यादा स्ट्रेस लेने वाला व्यक्ति भावनात्मक रूप से भी कमजोर होने लगता है। ऐसे में न तो वह ठीक से अपने काम पर ध्यान दे पाता है और न ही अपनी पर्सनल लाइफ एंजॉय कर पाता है। यदि समय पर इस समस्या से न निपटा जाए तो यह किसी बड़ी बीमारी का कारण भी बन सकती है। हालांकि अपनी जिंदगी से स्ट्रेस को पूरी तरह से खत्म करना संभव नहीं है लेकिन हम इसे कम करने के लिए कुछ हेल्दी आदतों को अपना सकते हैं। कहते हैं कि हमारे पास जो है जैसा है उसमें ही खुश और संतुष्ट रहना चाहिए। यदि आप जीवन के सकारात्मक पहलुओं पर गौर करना शुरू कर देंगे तो स्ट्रेस आप से कोसों दूर रहेगा। आप रोजाना एक पेपर पर तीन ऐसी चीजें लिखें जिनके लिए आप बहुत ही खुश और आभारी हैं। ऐसा करने से नकारात्मकता दूर होगी और आप काफी पॉजिटिव महसूस करेंगे। यदि आप रोजाना अपने दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करते हैं तो इससे आप दिन भर काफी पॉजिटिव और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगे।

## शरीर में हो गई है कैल्शियम की कमी तो खाना शुरू कर दें ये हरा फल

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए हमें कैल्शियम से भरपूर चीजों को रोजाना खाना चाहिए। मजबूत हड्डियों और मांसपेशियों के साथ दांतों के लिए भी कैल्शियम बेहद जरूरी है। कैल्शियम हमारे दिमाग के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह कैल्शियम की कमी की वजह से शरीर को नुकसान पहुंचता है ठीक उसी तरह शरीर के लिए ज्यादा कैल्शियम भी सही नहीं होता है। कुछ फलों और सब्जियों का सेवन करने से आपके शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिल सकता है। ऐसे ही एक फल महुआ के बारे में यहां हम आपको बताएंगे जिसे खाने से कैल्शियम दोगुनी तेजी से बढ़ेगा। कैल्शियम की जरूरत उम्र के साथ लिंग पर भी निर्भर करती है यानी पुरुष, महिलाओं, बुजुर्ग और बच्चों सभी को अलग अलग मात्रा में कैल्शियम की जरूरत होती है। पुरुषों को कम से कम 1000 से 1200 मिलीग्राम, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों को 1200 से 1500 मिलीग्राम और बच्चों को कम से कम 1300 और ज्यादा से ज्यादा 2500 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता रोजाना पड़ती है।

# बॉडी को परफेक्ट शेप में लाने के लिए बैक पर काम करना जरूरी




*अगर आप जिम जाते हैं, तो आप जानते ही होंगे कि बैक को मजबूत करना और उसे बेहतर शेप में लाना कितना जरूरी है। वास्तव में बैक जितनी आकर्षक होगी आपकी बॉडी उतनी निखरकर आएगी। अधिकतर जिम जाने वाले लोग चेस्ट और बाइसेप्स पर ज्यादा फोकस करते हैं लेकिन आपको बता दें कि अगर आपकी बैक परफेक्ट नहीं होगी, तो आपकी मेहनत का आपकी बॉडी पर कोई खास फर्क नजर नहीं आएगा। बैक की मांसपेशियों को मजबूत करने, शरीर के संतुलन को सुधारने और दर्द को कम करने के लिए आप कुछ एक्सरसाइज की हेल्प ले सकते हैं। फिटनेस कोच इमरान खान आपको पांच एक्सरसाइज बता रहे हैं, जो आपकी बैक पर पंख लगा देंगी और वो नाग के फन की तरह नजर आएगी।*

**डेडलिफ्ट**
डेडलिफ्ट एक कम्पाउंड मूवमेंट है जो आपकी निचली पीठ, ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग्स को टारगेट करता है। डेडलिफ्ट करने के लिए पैरों को कंधे की चौड़ाई में रखकर खड़े हों और बारबेल या डम्बल को पकड़ें। अपनी पीठ सीधी रखते हुए, कूल्हों से झुकें और वजन को जमीन तक ले जाएं। एड़ी के बल पर दबाव डालते हुए, शरीर को सीधा करें और खड़े हो जाएं।

**पुल-अप**
पुल–अप्स एक बेहतरीन बॉडीवेट व्यायाम है जो ऊपरी पीठ और



कंधों को मजबूत करता है। पुल–अप्स के लिए पुल–अप बार को अपने हाथों से कंधों से थोड़ा चौड़ा पकड़ें। पेट को टाइट करें और अपनी छाती को बार की ओर खींचें।
धीरे–धीरे खुद को नीचे करें और प्रारंभिक स्थिति में वापस आएं।
पुल–अप्स लैट्स, ट्रैप्स और रॉम्बोइड्स को मजबूत करता है।
ग्रिप स्ट्रेंथ और कंधों की स्थिरता में सुधार करता है।

**बेंट-ओवर रो**
यह व्यायाम आपकी ऊपरी पीठ और सही पोश्चर को सुधारने के लिए बहुत अच्छा है। बारबेल या डम्बल पकड़ें, पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखें। कूल्हों से झुकें और पीठ सीधी रखें।
वजन को अपनी छाती की ओर खींचें और कंधों को पीछे की ओर दबाएं। धीरे–धीरे वजन को नीचे करें।
बेंट–ओवर रो ऊपरी और मध्य पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करता है। स्कैपुलर स्थिरता और पोश्चर में सुधार करता है।


**लेट पुलडाउन**
लेट पुलडाउन मशीन आपके पीठ की सबसे बड़ी मांसपेशी ष्लेटिसिमस डॉर्सीष् को टारगेट करती है। लेट पुलडाउन मशीन पर बैठें और बार को चौड़ी ग्रिप से पकड़ें।
बार को अपनी छाती की ओर खींचें और फिर धीरे–धीरे वापस ले जाएं। लेट पुलडाउन लैट्स को टारगेट करके पीठ को चौड़ा करता है। शुरुआती लोगों के लिए बढ़िया व्यायाम जो पुल–अप्स नहीं कर सकते।

**डम्बल रो**
यह एकतरफा व्यायाम है जो आपको पीठ के एक साइड पर काम करने की सुविधा देता है।
एक हाथ और एक घुटना बेंच पर रखें और दूसरे हाथ से डम्बल पकड़ें। डम्बल को अपनी कमर की ओर खींचें और फिर धीरे–धीरे नीचे करें। डम्बल रो ऊपरी और मध्य पीठ को मजबूत करता है। दोनों पक्षों के बीच की मांसपेशियों के असंतुलन को ठीक करता है।

## आंखों का जाला, सूखापन, जलन–चुभन के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे



ड्राई आँखों की समस्या आजकल काफी आम हो गई है, विशेषकर उन लोगों में जो लंबे समय तक कंप्यूटर, मोबाइल या अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। यह समस्या तब उत्पन्न होती है जब आँखों में प्राकृतिक नमी की कमी हो जाती है, जिससे आँखें सूखी और असहज महसूस करती हैं। आयुर्वेद में ड्राई आँखों के इलाज के लिए कई प्रभावी और प्राकृतिक उपचार उपलब्ध हैं, जो आँखों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। डॉ. मंदीप सिंह बासु, डायरेक्टर – डॉ. बासु आई हॉस्पिटल कुछ प्रमुख आयुर्वेदिक उपचारों के बारे में बता रहे हैं। आंवला विटामिन सी का उत्कृष्ट स्रोत है, जो आँखों के लिए बेहद फायदेमंद है। रोजाना एक गिलास आंवला का रस पीने से आँखों को पोषण मिलता है और उनकी नमी बरकरार रहती है। यह आँखों की सूखापन को कम करने में भी मदद करता है। त्रिफला चूर्ण को पानी में उबालकर और ठंडा करके एक आई वॉश के रूप में उपयोग करें। यह आँखों की सफाई करता है और सूखापन को दूर करता है। इसके लिए, त्रिफला चूर्ण को उबालकर पानी को ठंडा करें और फिर इससे आँखें धोएं। यह विधि आँखों को स्वाभाविक रूप से साफ करने और ताजगी देने में कारगर है।



**दुर्लभ लिस्ट में शामिल होने की कगार पर ग्रेटर नोएडा टेस्ट**

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के साथ मैच खेलने की पूरी तैयारी की थी, लेकिन ग्रेटर नोएडा के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को चुनकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलती कर दी। दोनों देश के बीच टेस्ट इतिहास का 2549वां मैच खेला जाना था। बता दें कि यह आठवां ऐसा टेस्ट मैच होगा, जिसमें एक भी गेंद नहीं फेंकी गई। न्यूजीलैंड दूसरी बार ऐसे टेस्ट का हिस्सा बनेगा।

## चार दिन के बाद भी तक नहीं हो सका मैच का टॉस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट की शुरुआत 9 सितंबर से होना था, लेकिन लगातार बारिश होने के चलते यह मुकाबला अभी तक शुरू नहीं हो पाया। लगातार चौथे दिन का खेल बारिश की वजह से रद्द किया गया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दोनों टीमों के बीच टॉस सुबह 9 बजे होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम का मुआयना करके शुक्रवार सुबह खेल आठ बजे शुरू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। दरअसल, अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट का टॉस बीते चार दिन से नहीं हो सका है। इस मैच में एक भी गेंद फेंकी नहीं गई। पहले दो दिन गीली आउटफील्ड के चलते यह मुकाबला रद्द किया गया। गीली आउटफील्ड होने के चलते अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए इस मैदान की पिच पर सवाल उठ रहे हैं। मैच को आधिकारिक तौर से रद्द नहीं किया गया। आज जायजा लेने के बाद फैसला किया जाएगा। अगर आज भी बारिश या गीली आउटफील्ड के चलते मैच नहीं हो पाता है ,तो आधिकारिक तौर पर इसे रद्द किया जाएगा। 26 साल बाद फिर से इतिहास दोहराया जाएगा।

# विराट कोहली की कप्तानी से भारतीय क्रिकेट में आई क्रांति

## ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तान रिकी पोंटिंग ने बताई किंग की खूबी

**क्रिकेट**

विराट कोहली ने 2014 से 2022 तक भारतीय टीम की अगुवाई की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तानों में से एक रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की लीडरशिप की जमकर तारीफ की है। पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि विराट कोहली अपनी कप्तानी के जरिये भारतीय क्रिकेट में क्रांति लेकर आए।

बता दें कि विराट कोहली की कप्तानी की शुरुआत 2014 में हुई और उन्होंने 2022 तक इस पद को जिम्मेदारी के साथ निभाया। कोहली के कप्तान रहते भारतीय टीम ने निडर क्रिकेट खेला। कोहली ने टीम में भरोसा जताया कि सभी खिलाड़ी मैच जिता सकते हैं। उन्होंने टीम को विदेश में जीत के लिए भी प्रोत्साहित किया। विराट कोहली की कप्तानी में





भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में मात दी थी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में टेस्ट सीरीज में मात देने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बातचीत में कहा, भारत की तेज गेंदबाजी में गहराई शानदार है। पिछले छह-सात साल में उनकी लीडरशिप मजबूत रही है। कोहली की कप्तानी की शुरुआत की बात करें तो उन्होंने भारतीय क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। पिछले चार सालों में द्रविड़ ने इसे जारी रखा। विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का टीम पर प्रभाव शानदार है और उनके पास स्टार खिलाड़ी हुए।

भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी में 40 टेस्ट मैच जीते, 17 गंवाए और 11 टेस्ट ड्रॉ किए। कोहली ने 68 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की अगुवाई की। उनके घर और विदेश में प्रदर्शन ने उन्हें लाल गेंद क्रिकेट में भारत का सबसे सफल कप्तान बनाया। हालांकि, इस बार नवंबर में भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया में सीरीज खेलेगी।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से पहले बॉल पर बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। पाकिस्तान के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने वाली बांग्लादेशी टीम के सामने अगला चौलेंज भारत का है। बांग्ला टाइगर्स का 19 सितंबर से भारत दौरा शुरू हो जाएगा। मगर दो टेस्ट मैच की इस सीरीज से पहले बांग्लादेशी खेमा टेंशन में है। और बांग्लादेश की इस टेंशन की वजह गेंद है। जी हां! बिलकुल ठीक सुना आपने बांग्लादेशी टीम भारत में लाल रंग की 'एसजी टेस्ट बॉल' से डर रही है। बांग्लादेश को वैसे भी कूकाबुरा बॉल से खेलने की आदत है। जबकि पाकिस्तान दौरे पर भी उसने कूकाबुरा बॉल से ही इतिहास रचा था। ऐसे में ये समझना जरूरी हो जाता है कि भारत दौरे से पहले बॉल का बवाल कितना अहम है।

इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट में एसजी बॉल, कूकाबुरा बॉल और ड्यूक बॉल का इस्तेमाल किया जाता है। हर देश अपनी पसंद के हिसाब से टेस्ट मैचों में इन गेंदों का इस्तेमाल करता है। जैसे एसजी गेंद सिर्फ भारत में इस्तेमाल होती है। जबकि कूकाबुरा का इस्तेमाल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे करती हैं जबकि ड्यूक बॉल इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में खेली जाती है। खास बात यह है कि एसजी गेंद भारत में बनाई जाती है, कूकाबुरा का प्रोडक्शन ऑस्ट्रेलिया में होता है और ड्यूक गेंद का उत्पादन इंग्लैंड में होता है। अगर एसजी और कूकाबुरा के बीच के अंतर की बात की जाए तो दोनों में मुख्य अंतर सिलाई का होता है। जहां एक ओर

**■लिट्टन दास ने कहा भारत दौरे पर एसजी बॉल मुश्किल चुनौती**

एसजी बॉल की सिलाई हाथ से की जाती है, वहीं कूकाबुरा की सिलाई मशीन से होती है।

मशीन की सिलाई की वजह से गेंद को सीम मूवमेंट ज्यादा नहीं मिलती। हाथ से सिलाई होने की वजह से एसजी की सीम ज्यादा उभरी हुई होती है और इस कारण सीम मूवमेंट भी ज्यादा मिलती है। भारत में पिचें ज्यादा खुरदुरी होती हैं, जिस वजह से एसजी जैसी गेंद चाहिए होती है, जो लंबे समय तक शेप न गंवाए। एशियाई पिचों पर एसजी गेंद के साथ रिवर्स स्विंग भी अन्य गेंद के मुकाबले ज्यादा मिलती है। जबकि, कूकाबुरा की गेंद उछाल भरी पिच के लिए उपयुक्त होती हैं। एसजी के सामने बांग्लादेश करता है संघर्षभारत के खिलाफ आमतौर पर कमजोर प्रदर्शन करने वाली बांग्लादेश टीम का भारतीय पिच पर प्रदर्शन और कमजोर हो जाता है।

## खालिद महमूद ने बीसीबी निदेशक पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खालिद महमूद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया। बीसीबी के निजामुद्दीन चौधरी ने इसकी पुष्टि की। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान महमूद से पहले बीसीबी बोर्ड निदेशक मंडल में से जलाल यूनुस और नैय्यर रहमान ने भी इस्तीफा दिया था। वहीं, अहमद सज्जादुल आलम को बोर्ड निदेशक के पद से पहले ही हटाया जा चुका है। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले खालिद महमूद का यह कदम क्यों उठाया इसका खुलासा नहीं हो सका। महमूद ने एक ईमेल के जरिए बोर्ड को अपने इस्तीफे की जानकारी दी। इसके साथ ही उनका बीसीबी निदेशक के रूप में उनके 11 सालों के सफर का अंत हो गया। महमूद अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों ठ्ठ के खेल विकास अध्यक्ष और क्रिकेट संचालन उपाध्यक्ष थे।

## न्यूज डायरी



## इंडिया सी टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड हुए रिटायर्ड हर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दलीप ट्रॉफी 2024 का दूसरा राउंड शुरू हो चुका है। इस राउंड में इंडिया सी का सामना इंडिया बी से अनंतपुर में हो रहा है। इस मुकाबले में सबसे पहले इंडिया सी की प्लेइंग-11 में इशान किशन की एंट्री देखकर हर कोई हैरान रह गया। इसके बाद मैच की दूसरी ही गेंद पर इंडिया सी टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ इंजर्ड हो गए। गायकवाड़ के इंजर्ड होने से इंडिया सी टीम को बड़ा झटका लगा। ऋतुराज ओपनिंग के लिए आए थे और एक चौका लगाकर वह दूसरी ही गेंद पर रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। गायकवाड़ का दूसरा गेंद खेलने के बाद ही उनका टखना मुड़ गया जिससे उन्हें डगआउट में लौटना पड़ा। अभी तक बीसीसीआई ने गायकवाड़ की इंजरी को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। दरअसल, इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यू ईश्वरन ने अनंतपुर में टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली इंडिया सी की टीम की तरफ से पहले बैटिंग करते हुए साई सुदर्शन और ऋतुराज गायकवाड़ मैदान पर उतरे। मैच के पहले ओवर में इंडिया बी की तरफ से गेंदबाजी करने मुकेश कुमार आए। उनकी पहली ही गेंद पर ऋतुराज ने चौका गाया। इसके बाद दूसरी गेंद पर वह रिटायर्ड हर्ट हो गए। उनका टखना मुड़ गया था, जिसकी वजह से उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। गायकवाड़ के मैदान से बाहर जाने के बाद रजत पाटीदार उनकी जगह आए और साई के साथ मिलकर उन्होंने टीम की पारी को संभाला। साई सुदर्शन 75 गेंदों पर 43 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## गौतम गंभीर ने विराट कोहली को बताया क्रिकेट का शंहशाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मैच का लुत्फ उठाने भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे थे। जहां उन्होंने एंकर के साथ एक रैपिड फायर राउंड कई सवालों का जवाब दिया, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। शेफाली बग्गा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गौतम गंभीर संग हुई बातचीत की वीडियो शेयर की है, जिसमें गौतम गंभीर ने रोहित-धोनी नहीं, बल्कि 35 साल के स्टार प्लेयर को क्रिकेट का शहंशाह बताया है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शहंशाह ऑफ क्रिकेट के रूप में विराट कोहली का नाम लिया। यह जानकारी 2024 दिल्ली प्रीमियर लीग के फाइनल मैच के दौरान मिली, जहां गंभीर को दिल्ली जिला क्रिकेट संघ द्वारा सम्मानित किया गया था। शहंशाह का मतलब एम्परर होता है और यह शब्द 1988 में आई अमिताभ बच्चन की एक ब्लॉकबस्टर फिल्म से जुड़ा हुआ है। क्रिकेट में कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, और रोहित शर्मा जैसे कई सितारे रहे हैं, लेकिन गंभीर ने विराट कोहली को शाहंशाह का टाइटल दिया, तो युवराज सिंह को बादशाह। गौतम ने खुद को एंग्री यंग मैन की उपाधि दी। उन्होंने ये सवाल गंभीर के साथ ही शिखर धवन से भी पूछे। धवन ने क्रिकेट के बादशाह की उपाधि युवराज सिंह को दी थी, जिन्होंने 2007 और 2011 विश्व कप जिताने में अहम योगदान दिया था।

## 23 साल बाद आयरलैंड ने इंग्लैंड को वनडे क्रिकेट में दी मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में आयरलैंड को शुरुआती दो मैचों में पटखनी देकर सीरीज पर पहले ही कब्जा कर लिया था, लेकिन तीसरे वनडे मैच में इंग्लिश टीम क नजरें सीरीज क्लीन स्वीप करने पर थी। तीसरे वनडे मैच में आयरलैंड की टीम ने इंग्लैंड महिला टीम के इस अरमानों पर पानी फेरा। दूसरे वनडे मैच में 275 रनों से मिली हार के बाद आयरलैंड की टीम ने जिस तरह से वापसी की, उसे देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच को क्ल्ै के तहत पर 3 विकेट से जीत दर्ज की। दरअसल, बारिश से बाधित आयरलैंड बनाम इंग्लैंड के तीसरे वनडे मैच में पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की टीम 20.5 ओवर में 153 रन पर सिमट गई थी। आयरलैंड को जीत के लिए क्ल्ै के तहत पर 22 ओवर में 155 रनों का टारगेट मिला था। इंग्लैंड की टीम एक बार फिर टैमी ब्यूमोंट ने कमाल का परफॉर्म किया, जिन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए 52 रनों की पारी खेली। पिछले मैच में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला था।



पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### माकपा महासचिव कामरेड येचुरी के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। कम्युनिस्ट नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अखिल भारतीय महामंत्री कामरेड सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर उत्तराखंड में पार्टी ने उनके सम्मान में अपना झंडा झुकाया और दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि दी। कामरेड येचुरी के निधन पर राज्य कार्यालय और देहरादून जिला कार्यालय में झंडा झुकाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कामरेड येचुरी ने देश और दुनिया में अपनी पार्टी की प्रतिष्ठा स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### शहर की कूड़ा उठान व्यवस्था पर जिलाधिकारी सख्त

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा डोर–टू–डोर कूड़ा उठान व्यवस्था का निरीक्षण करने तथा नगर निगम एवं कूड़ा उठान कम्पनियों के मध्य हुए अनुबन्ध के शर्तो के परिपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। कूड़ा उठान में अनियमितता पाए जाने पर कम्पनियों पर कूल 1 लाख 99 हजार अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई तथा पल्टन बाजार के औचक निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर पॉलीथीन के 02 थोक विक्रेताओं पर कुल 85 हजार के अर्थदण्ड आरोपित किया गया। उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

### यूएस मिशन इंडिया और रूम टू रीड इंडिया ने लॉन्च किया रीड ए थॉन

**संवाददाता** देहरादून। रूम टू रीड इंडिया और यूएस मिशन इंडिया ने राष्ट्रव्यापी रीड–ए–थॉन गतिविधि का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में दस भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से अनेक बच्चों, अभिभावकों, समुदायों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारी निकायों और निगमों ने हिस्सा लिया, जिससे देश में प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता परिणाम बेहतर बनाने का संयुक्त प्रयास प्रदर्शित हुआ।

### कार उद्योग में नई हलचल पैदा करेगी एमजी विंडसर

**संवाददाता** देहरादून। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज भारत की पहली इंटेलिजेंट ई–सीयूवी एमजी विंडसर को मैनुअल कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत पर लॉन्च किया है। सेडान के कम्फर्ट और एसयूवी के आनंद के मिश्रण वाली विंडसर, एक इन्नोवेटिव एयरोडायनामिक डिजाइन, विशाल और भव्य इंटीरियर, बेहतर सुरक्षा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, ड्राइविंग कम्फर्ट और कई हाई–टेक फीचर्स के साथ आती है।

# बालश्रम कराते पाए जाने वालों पर की जाएगी विधिक कार्यवाही: डीएम

**निर्देश**

■ डीएम ने सहायक श्रम आयुक्त को फटकार लगाते हुए तत्काल छापेमारी कर बच्चों को बालश्रम से मुक्त करने के दिए निर्देश

■ बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास किये जाएंगे, बालश्रमिक पाए जाने पर तय की जाएगी जवाबदेही

**आदेश**

■ विभिन्न माध्यमों से प्राप्त बालश्रम की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही

■ जनपद को बालश्रम से मुक्त करने हेतु प्रभावी अभियान चलाने के दिए निर्देश

■ छापेमारी अभियान के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम करें संचालित

■ बालश्रम उन्मूलन जिला टास्कफोर्स को सक्रिय रहने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। जनपद में बालश्रम को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने सख्त रुख अपनाया है। जनपद में बालश्रम की सूचना पर जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को जनपद में छापेमारी के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि बालश्रम पर रोक लगाने हेतु छापेमारी की कार्यवाही के साथ–साथ विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाएं। दुकानो, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलो पर बालश्रम अपराध सम्बन्धी पोस्टर, पम्पलेट चस्पा कराये, जिसमें बालश्रम कराते पाये जाने पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के प्राविधानों का विवरण उल्लिखित हो।

जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को बालश्रम उन्मूलन जिला टास्कफोर्स ने बालश्रम को रोकने



हेतु कार्य कर रहे सामाजिक संगठनों के साथ मिलक त्वरित कार्रवाई करते हुए सहस्त्रधारा रोड पर अवस्थित, रेस्टोरेंट आदि प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बालश्रम करते पाए गए कई बच्चों को छुड़ाया गया। बच्चों की चिकित्सा जांच कराते हुए बाल कल्याण समिति को सौंपे गए, जहां बच्चों की कांसिलिंग होगी तथा बच्चों को उनके अभिभावकों तक पंहुचाने की प्रक्रिया की जाएगी। जनपद में बाल श्रम की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों बालश्रम को रोकने के लिए तमाम जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के साथ ही विभिन्न योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है जिससे बाल श्रम को रोका जा सके। बावजूद इसके जनपद में तमाम स्थानों पर बाल श्रम की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकार ने सहायक श्रम आयुक्त को गोपनीय सूचना तंत्र को सक्रिय किये जाने तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त बालश्रम की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही तथा बालश्रम उन्मूलन जिला टास्कफोर्स को सक्रिय रहते हुए जनपद को बालश्रम से मुक्त करने हेतु प्रभावी अभियान चलाने तथा जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

इधर, देहरादून जनपद में नवनियुक्त जिलाधिकारी द्वारा बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। बताया गया कि हाल के दिनों में गोपनीय सूत्रों तथा कुछ स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया है कि जनपद में कई स्थानों पर बाल श्रम कराया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई तथा छापेमारी करते हुए बच्चों को बालश्रम से मुक्त करने के निर्देश दिए।

जिला टास्कफोर्स में सहायक श्रम आयुक्त दीपक कुमार, राज्य समन्वयक बचपन बचाओं सुरेश उनियाल, एलईओ दीपक कुमार, अश्वनी कुमार, अमित थपलियाल, आईसा, समर्पण संस्था से मानसी मिश्रा,चाईल्ड हेल्पलाईन से सविता गोगिया, आसरा ट्रस्ट से जसबीर एवं लक्ष्मी, जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रवीण चौहान, आदि टीम में शामिल रहे।

# पीइएफए मानकों के कार्यान्वयन को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध

**बैठक**

■पीइएफए की बैठक में उत्तराखंड अधिकारियों के बीच सचिवालय में महत्वपूर्ण चर्चा

**संवाददाता**

देहरादून। पीइएफए (पब्लिक एक्सपेंडिचर और फाइनेंसिंग अकाउंटेबिलिटी) की दो दिवसीय कार्यशाला में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी, विश्व बैंक टीम और उत्तराखंड अधिकारियों के बीच सचिवालय में महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

उत्तराखंड सरकार के वित्त सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में पब्लिक एक्सपेंडिचर और फाइनेंसिंग अकाउंटेबिलिटी की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई,



जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी, विश्व बैंक टीम और उत्तराखंड राज्य सरकार के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रतिभागियों का स्वागत किया।

बैठक की शुरुआत में, मनमोहन मैनाली, बजट अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। बैठक में एनआईपीईपी के प्रोफेसर प्रताप रंजन जेना, ने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन पर पीइएफए की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पीइएफए मानक सार्वजनिक वित्त की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी भूमिका उत्तराखंड को इन मानकों के परिपालन की स्थिति का आकलन करना है। विश्व बैंक के प्रतिनिधि ने वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए उत्तराखंड की मौजूदा स्थिति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, हम उत्तराखंड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे एक मजबूत वित्तीय ढांचा प्रदान करने में सहायता करना चाहते हैं। पीइएफए मानकों के अनुपालन से होने वाले सुधार से राज्य की वित्तीय स्थिरता और विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी।

उत्तराखंड सरकार के वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बैठक में भाग लेते हुए कहा, हम पीइएफए मानकों के कार्यान्वयन को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बैठक से हमें महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिनकी मदद से हम अपने वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बना सकेंगे।

### ऋण आवेदन के लाभार्थियों को बेवजह भटकना न पड़े

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 90वीं बैठक आयोजित की गई। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि सभी बैंक विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाएं। उन्होंने कहा बैंकों द्वारा दिए जा रहे लोन का रिस्पांस टाइम कम हो। एवं आमजन को कम से कम कागजी कार्रवाई में लोन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा ऋण आवेदन के लाभार्थियों को बेवजह भटकना न पड़े। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, एवं अटल पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इसके लिए जागरुकता फैलाई जाए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।